
होली, नवरात्रि एवं ईद की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
भारतीय जनता पार्टी पीलीभीत से
श्री गोकुल प्रसाद मौर्य जी को
जिला अध्यक्ष नियुक्त
होने पर हार्दिक शुभकामनाएं
जितिन प्रसाद जी
मा. केन्द्रीय राज्य मंत्री भारत सरकार
सांसद, 26 लोकसभा (पीलीभीत-बहेड़ी)
लेखराज भारती
जिला महामंत्री, भाजपा
पीलीभीत
गोकुल प्रसाद मौर्य
जिलाध्यक्ष
भाजपा, पीलीभीत


सभी क्षेत्रवासियों को
होली ईद-उल-फितर, नवरात्रि
की
हार्दिक शुभकामनाएं
जिला पंचायत सदस्य
वार्ड नं. 8 से
सदस्य पद हेतु सम्भावित प्रत्याशी
निवेदक - समस्त क्षेत्रवासी
यादविन्दर पाल सिंह 'सोढ़ी'
ग्राम प्रधान, कजरी निरंजनपुर
राष्ट्रीय सचिव, प्रधान संगठन
क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य भा.यु.मो. (ब्रज क्षेत्र)
पूर्व महामंत्री युवा मोर्चा भाजपा
पूर्व विधानसभा प्रभारी आई.टी.सेल भाजपा
9452877082

# साप्ताहिक बंदी में मिली छूट तो गुलजार हुआ बाजार

## सुबह से ही दुकानों पर ग्राहकों के पहुंचने से व्यापारी खुश, खूब की खरीदारी



होली कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं संग चेयरमैन डॉ .आस्था अग्रवाल।



अभिभावक के साथ पिचकारी खरीदने पहुंचे बच्चे। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार** : हर कोई होली के उल्लास व उमंग में डूबा नजर आ रहा है। फिजा में होली का रंग व तराने घुल गए हैं। इस बार चंद्रग्रहण के चलते दुल्हेंड़ी चार मार्च को मनाई जाएगी। ऐसे में साप्ताहिक बंदी के चलते भी बाजार गुलजार रहा। जैसे- जैसे समय बढ़ता गया वैसे वैसे बाजार में रौनक बढ़ती चली गई। हालांकि ग्रहण के चलते कपड़ा बाजार में चहलकदमी में कम देखने को मिली। फिलहाल रंग और अन्य दुकानों पर भीड़ देखने को मिली।

बता दें कि शहर के बाजार की मंगलवार को साप्ताहिक बंदी होती है। मगर दुल्हेंडी से एक दिन पहले पड़ने वाले मंगलवार को पूरा बाजार खुला। हालांकि सराफा कारोबारियों की दुकानें बंद रही। शहर के स्टेशन रोड, गैस चौराहा, चावला चौराहा, छिपियान मस्जिद, चूड़ी वाली गली, जेपी रोड, ड्रमंडगंज चौराहा पर बनी कपड़ें की दुकाने खुलते ही ग्राहकों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। सुबह से ही खरीदारी करने वाले उमड़ने लगे। कपड़े, नमकीन, गुझिया के अलावा बेकरी की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ दिखी। भीड़ की वजह से बाजार में जाम की स्थिति बनी रही। शहर के गल्ला मंडी, लोहा मंडी, सब्जी मंडी, ड्रमंडगंज चौराहा, लक्ष्मी टॉकीज, छिपियान मस्जिद, चूड़ी वाली गली समेत अन्य बाजार में भीड़ बनी रही। लोग खरीदारी करने में मशगूल दिखे। चंद्रग्रहण के चलते कपड़े की खरीदारी लोगों ने पहले ही कर ली थी। मगर मंगलवार को भी कुछ दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ देखने को मिली। मगर सबसे अधिक भीड़ बाजार में मिठाई, किराना और रंग की दुकानों पर देखने को मिली। इतना ही नहीं टेलर की दुकानों पर भी कपड़े सिलाई करने के लिए लाइन लगी दिखाई दी। कपड़े के साथ खाने-पीने की वस्तुएं भी खूब खरीदी गईं। इधर, शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों की बाजारों में चिप्स, पापड़ और नमकीन की भी जमकर खरीदारी हुई। हर बार की तरह इस बार भी दुकानों पर रेडीमेड गुझिया की खूब डिमांड रही। वहीं घर में गुझिया बनाने के लिए लोगों ने मावा की खरीदारी भी हुई। देर रात तक बाजार में चहलकदमी देखने को मिली।इधर, पुलिस प्रशासन भी अलर्ट मोड़ पर है। डीएम ज्ञानेंद्र सिंह और एसपी सुकीर्ति माधव सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। शहर के संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल की तैनाती बढ़ा दी गई है। विशेष रूप से महिलाओं की सुरक्षा और हुड़दंगियों पर लगाम लगाने के लिए सादी वर्दी में भी पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। बाकी बाजार में प्रत्येक चौराहा पर पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई। अस्पताल में भी टीम को अलर्ट कर दिया गया है। इधर, भाजपा नेताओं ने विशाल टॉकीज के पास होली उत्सव मनाया। एक दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी। इस मौके पर नगरपालिकाध्यक्ष डा.आस्था अग्रवाल, भाजपा नगराध्यक्ष इंद्रेश सिंह चौहान, आशीर्वाद अग्रवाल, जगन्नाथ प्यारेलाल, जगदीश आदि मौजूद रहे।

### रंग गुलाल की दुकानों पर लगी रही भीड़

दुल्हेंड़ी से पहले रंग खेलने की तैयारियों को लेकर जुटे हुए हैं। मंगलवार को कपड़ों की दुकानों के अलावा रंग गुलाल की दुकानों पर लोग रंग गुलाल की खरीदारी करते नजर आए। इस बार सबसे ज्यादा भगवा रंग के गुलाल, स्प्रे, सिलेंडर स्काई शॉट आदि की डिमांड अधिक रही। वहीं पिचकारी को लेकर भी खरीदारों का तांता लगा रहा। इस बार बाजार में देसी पिचकारियों की धूम रही। बच्चों के लिए स्पाइडरमैन और छोटा भीम वाली पिचकारियां आकर्षण का केंद्र बनी रही। किराना और मिठाई की दुकानों पर भी सुबह से ही लंबी कतारें देखी गईं। होली के पारंपरिक पकवानों, जैसे गुजिया, पापड़ और चिप्स बनाने के लिए मैदा, खोया और मेवों की जमकर खरीदारी हुई।

### राज्यमंत्री ने परिवार संग किया पूजन



राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने परिवार के साथ होलिका पूजन किय। उन्होंने संजय रॉयल पार्क स्थित होलिका दहन स्थल पर पहुंचकर सपरिवार होली का पूजन पूजन किया। सुख समृद्धि की कामना की गई। उन्होंने कहा कि होली सौहार्द एवं सद्भावना का प्रतीक है। सभी को मिलजुल कर मनाना चाहिए। पर्व की शुभकामनाएं भी दी।

## घायल फोटोग्राफर की एसोसिएशन ने की मदद, दिया चेक



चेक सौंपते फोटोग्राफर एसोसिएशन के पदाधिकारी।

**पीलीभीत, अमृत विचार** : फोटोग्राफर्स एसोसिएशन ने घायल फ्रीलांसर फोटोग्राफर को ग्यारह हजार रुपये की मदद की है।

बता दें कि सप्ताह भर पहले चोटिल हुए फोटोग्राफर्स एसोसिएशन पीलीभीत के सदस्य यशपाल रस्तोगी को इलाज के लिए बरेली रेफर कर दिया गया था। डिस्चार्ज होकर वह पीलीभीत अपने घर आ गए।

इसके बाद फोटोग्राफर्स एसोसिएशन की तरफ से फ्रीलांसर फोटोग्राफर यशपाल रस्तोगी को उनके घर जाकर 11 हजार का चेक प्रदान किया गया। अध्यक्ष दिलीप थापर ने संगठन के बारे में विस्तार से जानकार दी। इस मौके पर सचिव अंशुल गौड़, संगठन मंत्री मनीष भारद्वाज, पूरन प्रकाश बुधानी, प्रदीप कुमार, चंद्र प्रकाश अंशुल आदि मौजूद रहे।

## पोस्टर बनाकर बाल विवाह मुक्त भारत का दिया संदेश

**पीलीभीत, अमृत विचार** : बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत रामलुभाई साहनी महाविद्यालय के आयोजित एनएसएस कैंप में बाल विवाह मुक्त भारत एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर आधारित पोस्टर प्रतियोगिता हुई। रैली निकालकर लोगों को बाल विवाह जैसी कुप्रथा के प्रति जागरूक किया।

शहर से सटे गांव पिपरिया में आयोजित एनएसएस कैंप में रामलुभाई साहनी महाविद्यालय की छात्राओं के बीच बाल विवाह मुक्त भारत एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ आदि पर आधारित पोस्टर प्रतियोगिता कराई गई एवं रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला मिशन कोऑर्डिनेटर सुवर्णा पांडे ने सभी को बाल विवाह जैसी कुप्रथा के प्रति जागरूक किया गया। जेंडर स्पेशलिस्ट जय श्री सिंह ने छात्राओं को हेल्पलाइन नंबर 1098, 181 आदि के बारे में बताया। वहीं सखी वन स्टाप सेंटर की केंद्र प्रशासिका तृप्ति मिश्रा ने बस यात्रियों को बाल विवाह अभियान से जुडी विस्तृत जानकारी दी एवं यात्रियों को बाल विवाह की शपथ भी दिलाई । इसके अलावा चाइल्ड हेल्पलाइन, विशिष्ट दत्तक ग्रहण ईकाई के कर्मचारियों ने भी विभिन्न स्थानों पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर बाल विवाह अभियान के प्रति लोगों को जागरूक किया।

## बाजार में केमिकल युक्त रंगों की भरमार, जमकर हो रही बिक्री

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



शहर में सजी रंगों की दुकान। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** खुशियों के त्योहार होली पर रंगों के इस्तेमाल से पहले उसकी परख जरुरी है। बाजार में बिकने वाले ज्यादातर रंग रासायनिक मिलावट करके तैयार किए जाते हैं। इसमें मरकरी सल्फाइड, लेड, कॉपर सल्फेट, क्रोमियम आक्साइड, पारा, पिसा हुआ कांच आदि की मिलावट होती है। ऐसे में बाजार में बिकने वाले केमिकलयुक्त रंग होली को बदरंग भी कर सकते हैं।

होली से एक दिन पूर्व रंगों के बाजार में भारी भीड़ रही। रंगों के इस त्योहार पर सूखे रंगों समेत तमाम तरह से रंग, गुलाल आदि की जमकर बिक्री हो रही है। इन सबके बीच होली पर विशेष सावधानी बरतने की जरुरत है। वजह यह है कि बाजार में केमिकलयुक्त रंगों की भरमार है। केमिकल और मिलावटी पदार्थों से तैयार होने वाले रंग त्वचा से लेकर गुर्दे तक असर डाल सकते हैं। जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. रमाकांत सागर ने बताया कि मिलावटी पदार्थ रंग के जरिए त्वचा पर चिपककर नुकसान पहुंचाते हैं। पानी में घुलने वाले रंगों में सूखे रंगों से अधिक केमिकल होते हैं। पेंट कलर, डार्क कलर, ब्लैक ऑयल कलर अधिक खतरनाक होते हैं। यदि मुंह में रंग चला जाए तो फेफड़े और गुर्दे भी खराब हो सकते हैं।

- हर्बल रंगों का करें इस्तेमाल डॉक्टरों ने बताए बचाव के तरीके

**बढ़ सकता है एलर्जी का खतरा** : त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि केमिकलयुक्त रंगों का सबसे बुरा प्रभाव पड़ता है। जिन्हें त्वचा संबंधी एलर्जी है, उन्हें केमिकल रंगों का प्रयोग नहीं करना चाहिए। त्वचा पर लगे रंग को रगड़कर न हटाएं।

## 5.04 करोड़ रुपये से चार मुख्य सड़कों का होगा नवनिर्माण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- क्षेत्र की जनता को मिलेगा लाभ जर्जर हालत में सफर था दुश्वार
- राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

**अमृत विचार** : जिले की चार मुख्य सड़कों की जल्द तस्वीर बदलेगी। 5.04 करोड़ रुपये की लागत से इनका पुनर्निर्माण कराया जाएगा। इन चार प्रमुख संपर्क मार्गों के नवनिर्माण की स्वीकृति को केवल एक प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास की दिशा में उठाया गया दूरदर्शी कदम माना जा रहा है। फिलहाल लंबे समय से जर्जर पड़ी इन सड़कों की दुर्दशा दूर होने से ग्रामीण क्षेत्र की बड़ी आबादी को राहत मिल सकेगी।

बता दें कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क केवल परिवहन का माध्यम नहीं होती, बल्कि यह विकास की धुरी होती है। जब गांव मुख्य मार्गों से जुड़ते हैं तो किसानों को अपनी उपज मंडियों तक पहुंचाने में आसानी होती है, विद्यार्थियों की शिक्षा निर्बाध चलती है और मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध होता है। साथ ही बेहतर सड़कों से व्यापारिक गतिविधियां बढ़ती हैं। स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होते हैं। मगर कई सड़कें लंबे समय से जर्जर थी। अब उनका भी सुधार कराया जाएगा। लोक निर्माण विभाग द्वारा जिन मार्गों को स्वीकृति प्रदान की गई है, उनमें सद्दरपुर–मोहनपुर मार्ग (किमी एक से भूड़ा तक), ग्राम गोंछ से कनाकोर संपर्क मार्ग, ग्राम गौनेरा से चांदडांडी मार्ग और डंडिया भिसैड़ी शिव मंदिर से कल्याणपुर खास भट्टा मार्ग शामिल हैं। राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने इन सड़कों के पुनर्निर्माण की स्वीकृति को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त किया। हालांकि किसी भी योजना की सफलता केवल स्वीकृति से नहीं, बल्कि उसके गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध क्रियान्वयन से सुनिश्चित होती है। आवश्यकता है कि निर्माण कार्य पारदर्शिता और उच्च मानकों के साथ संपन्न हों, ताकि सड़कों की स्थायित्व क्षमता दीर्घकालिक हो और जनता को बार-बार मरम्मत की समस्या से न जूझना पड़े। निश्चित ही यह पहल पीलीभीत के ग्रामीण अंचलों को विकास की नई राह पर अग्रसर करेगी।

## चंद्र ग्रहण : सूतक लगने से पहले कराया यज्ञ



यज्ञ में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**दियोरियाकलां, अमृत विचार** : आर्य समाज बढ़ैरा में मंगलवार सुबह सूतक लगने से पहले होली को लेकर यज्ञ कराया गया। जिसमें कई आर्यजन शामिल हुए। यज्ञ ब्रह्मा प्रदीप कुमार शास्त्री आर्य समाज शाहजहांपुर के पुरोहित ने यज्ञ सम्पन्न कराया। आनन्द प्रकाश आर्य सपत्नीक रहेंगे। प्रदीप कुमार शास्त्री, शिशुपाल शास्त्री ने पर्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। होली पर्व की शुभकामनाएं दी गई। इस मौके पर देवपाल आर्य, नरेश कुमार शास्त्री, रामसागर आर्य, प्रांजल आर्य, गौरव कुमार आर्य, रामकृष्ण आर्य, सियाराम आर्य आदि मौजूद रहे।

## गन्ना काटने के विरोध पर पीटा

**पीलीभीत, अमृत विचार** : थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के ग्राम बेहरीखेड़ा निवासी देव कुमार पुत्र होरीलाल ने थाना सुनगढ़ी में रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि 2 मार्च को रात नौ बजे गांव के लेखराज पुत्र आसाराम, विनोद पुत्र लेखराज ने उसके खेत से होली पर बेचने के लिए तीन कुंतल गन्ना काट लिया। जब उसने और उसकी भाभी धर्मवती ने गन्ना काटने का विरोध किया तो आरोपियों ने उसके और उसकी भाभी के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की। आरोपियों ने उसकी उंगली पर दरांती मार दी। जिससे वह घायल हो गया। आसपास के लोगों के एकत्र होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## चंद्र ग्रहण के चलते बंद रहे मंदिरों के कपाट

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



पचमुखी हनुमान मंदिर के ग्रहण के चलते बंद पड़े कपाट।

- सुबह 9:01 बजे से लगा सूतक रात 8 बजे के बाद खुले कपाट
- गंगाजल से शुद्धि, विशेष आरती के बाद उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**अमृत विचार** : चंद्र ग्रहण के कारण मंगलवार को शहर के मंदिरों में दिनभर सन्नाटा पसरा रहा। सूतक काल लगने के चलते सुबह से ही देवालयों के पट श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिए गए। शास्त्रों के अनुसार ग्रहण के दौरान पूजा-अर्चना और मूर्तियों का स्पर्श वर्जित होता है, इसलिए मंदिरों में नियमित पूजन नहीं हुआ।

जानकारी के अनुसार फाल्गुन पूर्णिमा के दिन यह दुर्लभ संयोग बना। पंडित आशुतोष शर्मा ने बताया कि ग्रहण का सूतक काल सुबह 9:01 बजे से शुरू हो गया था। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सूतक के प्रभाव में मंदिरों के कपाट खोले गए। शहर के ऐतिहासिक गौरी शंकर मंदिर के मुख्य कपाट तड़के ही बंद कर दिए गए थे। मंदिर के पुजारी ने बताया कि सूतक लगते ही भगवान को विश्राम कराया गया और गर्भगृह में पर्दा डाल दिया गया। यही स्थिति यशवंती देवी मंदिर और श्री सत्यनारायण मंदिर में भी रही। यहां आने वाले श्रद्धालु बाहर से ही माथा टेककर लौट गए। इसके अलावा नृसिंह माता मंदिर, सनातन धर्म सभा मंदिर, स्टेडियम रोड स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर, अर्द्धनारीश्वर मंदिर और दुधिया मंदिर के कपाट भी ग्रहण समाप्त होने तक बंद रहे। शाम को ग्रहण का मोक्ष होने के बाद मंदिरों में गंगाजल से शुद्धि की गई। मूर्तियों का पवित्र स्नान कराया गया और विशेष आरती उतारी गई। इसके बाद ही श्रद्धालुओं के लिए दर्शन शुरू हुए। मंदिरों के पट खुलते ही बड़ी संख्या में लोग शुद्धिकरण के दर्शन के लिए पहुंच गए और पूरे वातावरण में भक्ति का माहौल बन गया।





HAPPY HOLI
होली की हार्दिक शुभकामनाएं
HAPPY HOLI


प्रस्तुति
वेदपाल तिवारी
संवाददाता
बरखेड़ा कला पीलीभीत
Mob.: 9758312802


आप सभी नगर व जनपद वासियों को
होली के पर्व एवं ईद उल फितर
की दिली मुबारकबाद
सुवुल अंसारी
(ठेकेदार)
नगर पंचायत बरखेड़ा कला
पीलीभीत
अपील:- 1-नगर को साफ व स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें।
2-इधर-उधर कूड़ा करकट न फेंके और कूड़ादान का प्रयोग करें।
3-अपने घरों का कूड़ा करकट कूड़े ले जाने वाली गाड़ी में डालें।


समस्त जनपद वासियों को होली के पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
स्व. डॉ. परशुराम गंगवार
पूर्व सांसद लोकसभा
पीलीभीत
जनपद पीलीभीत के नवनिर्वाचित
भाजपा जिला अध्यक्ष
श्री गोकुल प्रसाद मौर्य जी
को बहुत-बहुत बधाई
happy holi
दिनेश गंगवार
पुत्र स्व. डॉ. परशुराम गंगवार
पूर्व सांसद
मो. 8755675570
एड. नागेन्द्र प्रताप सिंह
जिला महामंत्री भाजपा
किसान मोर्चा, पीलीभीत


आप सभी क्षेत्रवासियों को
रंगों के पावन पर्व होली
की हार्दिक शुभकामनाएं
happy holi
गीता रानी
प्रधानाध्यापिका
प्राथमिक विद्यालय बरखेड़ा नंबर दो
नगर पंचायत बरखेड़ा कला पीलीभीत


आप सभी जनपद वासियों को
रंगों के पावन पर्व होली की
बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं
हम सबका है
यही सपना
स्वच्छ हो
भारत अपना
happy holi
श्रीमती मुन्नी देवी
ग्राम प्रधान
राजा तोमर
सचिव
ग्राम पंचायत लखाखास विकास खंड बरखेड़ा कला पीलीभीत


सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरखेड़ा के समस्त स्टाफ की
ओर से जनपद वासियों को होली के पर्व की बधाई
एवं हार्दिक शुभकामनाएं
happy holi
डॉ. लोकेश कुमार
प्रभारी चिकित्सा अधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र
बरखेड़ा कला पीलीभीत


आप सभी क्षेत्रवासियों को रंगों के पावन पर्व होली
की हार्दिक शुभकामनाएं
दयाशंकर राजपूत (प्रधान)
ग्राम पंचायत डडिया राझे
विकास खंड बरखेड़ा कला पीलीभीत


आप सभी क्षेत्रवासियों को रंगों के पावन पर्व होली
की हार्दिक शुभकामनाएं
शिव कुमार राठौर
निवासी ग्राम पंचायत रामनगर जगतपुर
विकास खंड बरखेड़ा कला पीलीभीत


आप सभी जनपद वासियों को होली के पर्व की बधाई
एवं हार्दिक शुभकामनाएं
जय गुरुदेव स्वीट्स हाउस एंड रेस्टोरेंट
दौलतपुर रोड कस्बा बरखेड़ा कला पीलीभीत
जय गुरुदेव स्वीट्स हाउस एंड रेस्टोरेंट
पीलीभीत बीसलपुर रोड पौटा कला पीलीभीत
देसी घी व रिफाइंड से निर्मित शुद्ध मिठाइयों के लिए संपर्क करें
प्रोपराइटर- राम गुलाम सक्सेना, सरवन सक्सेना


आप सभी जनपद वासियों को होली के पर्व की बधाई
एवं हार्दिक शुभकामनाएं
उच्च कोटि के आभूषणों के मिलने का एक विश्वसनीय स्थान
अजय ज्वैलर्स मेंन रोड बरखेड़ा कला पीलीभीत
happy holi
अजय कुमार
डॉ. सुपर्व गंगवार


आप सभी क्षेत्रवासियों को रंगों के पावन पर्व होली
की हार्दिक शुभकामनाएं
सुखदेव
निवासी ग्राम पंचायत बुहिता
विकास खंड बरखेड़ा कला पीलीभीत


आप सभी क्षेत्रवासियों को रंगों के पावन पर्व होली
की हार्दिक शुभकामनाएं
देवकीनंदन उर्फ टीटू
गौशाला प्रभारी
नगर पंचायत बरखेड़ा कला पीलीभीत


आप सभी जनपद वासियों को होली के पर्व की बधाई
एवं हार्दिक शुभकामनाएं
उत्तम शिक्षा हेतु अपने बच्चे को प्रवेश दिलाएं
जेएल मेमोरियल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय
भैसहाग्वालपुर मोड
बरखेड़ा कला पीलीभीत
happy holi
कालीचरन गंगवार
प्रबंधक
दारा सिंह
प्रधानाचार्य


आप सभी जनपद वासियों को होली के पर्व 2026 की बधाई
एवं हार्दिक शुभकामनाएं
सर्व सुविधाओं से सुसज्जित गुणवत्ता युक्त शिक्षा का एक मात्र स्कूल
शेरवुड हायर सेकेंडरी स्कूल
पिपरा खास रोड बिजली घर के
आगे बरखेड़ा कला पीलीभीत
प्रवेश प्रारम्भ
डॉक्टर नरेंद्र कुमार गंगवार
प्रबंधक
नंदराम
प्रधानाचार्य


ਕਾਰ
ਸੇਵਾ
ਅੰਮ੍ਰਿਤ ਸੰਚਾਰ
02, 03
04 ਮਾਰਚ
ਸਮਾਂ ਸਵੇਰੇ 10 ਵੱਜੇ
ਸ੍ਰੀਮਾਨ ਸੰਤ ਬਾਬਾ ਤਾਰਾ ਸਿੰਘ ਜੀ
ਸਰਹਾਲੀ ਸਾਹਿਬ
ਸੰਤ ਬਾਬਾ ਘੋਲਾ ਸਿੰਘ ਜੀ
ਸਰਹਾਲੀ ਸਾਹਿਬ
ਗਿਆਨੀ ਸਰਬਜੀਤ ਸਿੰਘ ਜੀ
ਕਥਾਵਾਚਕ ਲੁਧਿਆਣਾ (ਪੰਜਾਬ)
ਗਿ: ਸਾਹਿਬ ਸਿੰਘ ਜੀ
ਕਥਾਵਾਚਕ ਕਨੇਡਾ ਵਾਲੇ
ਭਾਈ ਅਮਨਦੀਪ ਸਿੰਘ ਜੀ
ਰਾਗੀ ਜੱਥਾ ਸ੍ਰੀ ਦਰਬਾਰ ਸਾਹਿਬ Asr.
ਭਾਈ ਮਹਿਤਾਬ ਸਿੰਘ ਜੀ
ਰਾਗੀ ਜੱਥਾ ਜਲੰਧਰ (ਪੰਜਾਬ)
ਭਾਈ ਲਖਵਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਜੀ ਸੋਹਲ
ਢਾਡੀ ਜੱਥਾ (ਪੰਜਾਬ)
ਭਾਈ ਸੁਲੱਖਣ ਸਿੰਘ ਜੀ ਰਿਆੜ
ਕਵੀਸ਼ਰੀ ਜੱਥਾ (ਪੰਜਾਬ)
ਭਾਈ ਹੀਰਾ ਸਿੰਘ ਜੀ
ਰਾਗੀ ਜੱਥਾ ਗੁ: ਮਹਿੰਗਾਪੁਰ
ਭਾਈ ਮਹਿਤਾਬ ਸਿੰਘ ਜੀ ਭਿੰਡਰ
ਸਟੇਜ ਸੈਕਟ੍ਰੀ
ਸਲਾਨਾ
ਹੋਲੇ ਮਹੱਲੇ ਤੇ
ਵਿਸ਼ਾਲ ਗੁਰਮਤਿ ਸਮਾਗਮ
02, 03, 04 ਮਾਰਚ 2026
ਗੁਰਦੁਆਰਾ ਨਾਨਕ ਪਿਆਓ ਮਹਿੰਗਾਪੁਰ
ਲਖੀਮਪੁਰ-ਖੀਰੀ (ਯੂ.ਪੀ.) ਵਿਖੇ
ਦਿਨ ਰਾਤ ਦੇ ਦੀਵਾਨ
2, 3 ਮਾਰਚ
ਸਵੇਰੇ ੧੦ ਤੋਂ ਰਾਤ ੧੧ ਵਜੇ
ਦਿਨ ਦੇ ਦੀਵਾਨ
04 ਮਾਰਚ
ਸਵੇਰੇ ੧੦ ਤੋਂ ਸ਼ਾਮ ੪ ਵਜੇ
ਕਾਰਸੇਵਾ ਵਾਲੇ ਮਹਾਪੁਰਸ਼, ਨਿਰਮਲੇ ਸੰਤ, ਨਿਹੰਗ ਸਿੰਘ ਜੱਥੇਬੰਦੀਆਂ
ਧਾਰਮਿਕ ਜੱਥੇਬੰਦੀਆਂ ਦੇ ਨੁਮਾਇੰਦੇ, ਗੁਰਦੁਆਰਾ ਪ੍ਰਬੰਧਕ ਕਮੇਟੀਆਂ
ਅਤੇ ਦੇਸ਼ ਵਿਦੇਸ਼ ਦੀਆਂ ਸੰਗਤਾਂ ਦੀਵਾਨਾਂ ਦੀਆਂ ਹਾਜ਼ਰੀਆਂ ਭਰਨਗੀਆਂ।
ਦਸਤਾਰ ਮੁਕਾਬਲਾ
02 ਮਾਰਚ
ਸਵੇਰੇ 10 ਵੱਜੇ
ਗੁਰੂ ਕਾ ਲੰਗਰ ਅਤੁੱਟ ਵਰਤੇਗਾ
सलाना होले महल्ले ते विशाल गुरमत समागम
02, 03, 04 मार्च 2026
कारसेवा गुरुद्वारा नानक प्याऊमहिंगापुर खीरी (यू.पी.) विखे
ਦਸਮੇਸ਼ ਹਸਪਤਾਲ ਅਤੇ ਵਨ ਬੀਟ ਗਰੁੱਪ ਵੱਲੋਂ
02, 03, 04 ਮਾਰਚ
ਫ੍ਰੀ ਅੱਖਾਂ ਅਤੇ ਜਰਨਲ ਚੈਕਅੱਪ
LIVE ON
CHARDIKLA TIME TV
Amrit Baani ਅੰਮ੍ਰਿਤ ਬਾਣੀ
NANAK PIAO MAHINGAPUR TV
kar_sewa_mehingapur
Gurudwara Nanak Piao Mehingapur
अमृत ਗੁਰਬਾਣੀ
ਗੁਰੂ ਪੰਥ ਦਾ ਦਾਸ : ਮੁੱਖ ਸੇਵਾਦਾਰ ਜ: ਬਾਬਾ ਗੁਰਨਾਮ ਸਿੰਘ
ਕਾਰਸੇਵਾ ਸਰਹਾਲੀ ਸਾਹਿਬ, ਗੋਇੰਦਵਾਲ ਸਾਹਿਬ, ਮਹਿੰਗਾਪੁਰ (ਯੂ.ਪੀ.)
ਪ੍ਰਕਾਸ਼ਿਕ/ਪ੍ਰਾਰਥਿਕ : ਸਮੂਹ ਜੱਥੇਦਾਰ ਅਤੇ ਦੇਸ਼ ਵਿਦੇਸ਼ ਦੀ ਸੰਗਤ
ਸੰਪ੍ਰਕ : 9838171717, 6230171717 (ਦਫ਼ਤਰ ਗੁ: ਮਹਿੰਗਾਪੁਰ)
Punjab Printers, Spn. 9839840241


सभी क्षेत्रवासियों को होला महल्ला गुरमत समागम,
होली, रमजान एवं ईद की दिली मुबारकबाद
Indian Pathology &
Diagnostic Centre
प्रो. हंजला खान
निकट बस स्टैण्ड, सम्पूर्णानगर, लखीमपुर खीरी


सभी क्षेत्रवासियों को होला महल्ला गुरमत
समागम व होली पर्व की ढेर सारी बधाई
खाने में स्वाद ही स्वाद
पंजाबी जक्शन
स्वीट्स
हमारे यहां शुद्ध मिठाईयों के साथ शादी पार्टी के
कुशल पर कुशल कारीगर उपलब्ध है।
पताः- निकट गुरुद्वारा महंगापुर-खीरी


सभी क्षेत्रवासियों को होला महल्ला गुरमत
समागम व होली पर्व की ढेर सारी बधाई
मकन पुर भारत गैस एजेंसी
मकनपुर पलिया कलां
प्रो.अमरीक सिंह बैंस
जीवन सिंह बैंस


आप सभी क्षेत्रवासियों को रंगों के पावन पर्व होली
की हार्दिक शुभकामनाएं
जसवंत सिंह सन्धू
नि. प्रधान
बमनगर, भैंसोरी फार्म
पलिया कलां खीरी


सभी क्षेत्रवासियों को होले महल्ले व होली की
ढेर सारी
बधाई
HAPPY HOLI
मंजीत सिंह
प्रधान प्रतिनिधि
व पूर्व प्रधान
सुखदेव सिंह उर्फ़ बब्बू
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत लगदहन पलिया कलां खीरी


आप सभी क्षेत्रवासियों को रंगों के पावन पर्व होली
की हार्दिक शुभकामनाएं
आदित्य मिश्रा
लेखपाल
महंगापुर, पलिया कलां


सभी क्षेत्रवासियों को होले महल्ले गुरमत
समागम व होली पर्व की ढेर सारी बधाई,
GOLDEN FLOWER SEN. SEC. SCHOOL
(ENGLISH MEDIUM CO-ED C.B.S.E. DAY & RESIDENTIAL SCHOOL, PNC TO 12TH)
• GOLDEN BHARAT RESIDENCY
• B.D.S. PROPERTY CONSULTANTS
• BLUE HORSE TRAVELS (GOLDEN MOTOR)
• RAVENNN & GOLDEN STYLE
CHAIRMAN
MR. JASMAIL SINGH
MR. AMANPREET SINGH
DIRECTOR
MRS. HARDEEP KAUR
MRS. RAMANJITKAUR
PRINCIPAL
MR. SHYAM MAHINDRU


आप सभी को होला महल्ला व होली की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री गुरुतेग बहादुर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, महंगापुर खीरी
एफिलेटेड टू सीबीएससी, दिल्ली
प्रवेश प्रारम्भ
नर्सरी टू 12 तक
कक्षा 10 से 12 तक आइलेट क्रोर्स फ्री
NCC
संत बाबा गुरनाम सिंह (अध्यक्ष)
सर्वजीत सिंह (सहायक प्रबंधक)
संगीता जायसवाल (प्रधानाचार्या)
S.G.T.B. Sr. Sec. SCHOOL
WELCOMES YOU
प्रबंधक -तीर्थ सिंह
सदस्य-गुरदीप सिंह मांगट, जसवंत सिंह संधू
प्रधान गुरमीत सिंह, श्रवन सिंह



**इफ्तार**
बुधवार
सुन्नी : 6:16
शिया : 6:25

**सहरी**
गुरुवार
सुन्नी : 5:08
शिया : 5:00

## किशोरी को ले गया उत्तराखंड का युवक

**पीलीभीत, अमृत विचार :** प्रेम प्रसंग में एक युवक नाबालिगा प्रेमिका को बहला फुसलाकर ले गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना न्यूरिया क्षेत्र के एक ग्रामीण ने रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसमें बताया कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री को 2 मार्च को दोपहर ढाई बजे प्रेम कुमार पुत्र रामायण निवासी ग्राम सड़पुरा थाना खटीमा उधम सिंह नगर उसके घर के बाहर से बहलाफुसला कर ले गया। काफी जानकारी के बाद भी उसकी पुत्री के बारे में कोई पता नहीं चल सका है। उसने अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

# आबादी में डेरा जमाए तेंदुओं को किया जाएगा रेस्क्यू, लगेंगे पिंजड़े

### बख्शपुर में चहलकदमी करते देखे गए थे दो तेंदुए, ठिकाना तलाश रहे वन कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** शहर से सटे आबादी क्षेत्र में चहलकदमी कर रहे तेंदुओं को जल्द ही रेस्क्यू किया जाएगा। वन एवं वन्यजीव प्रभाग द्वारा तेंदुओं की बढ़ती सक्रियता के चलते यह निर्णय लिया गया है। वनकर्मियों की टीम तेंदुओं का स्थाई ठिकाना तलाशने में जुटी हुई है। तलाश पूरी होते ही पिंजड़े लगाकर तेंदुओं को पकड़ने के लिए अभियान शुरू किया जाएगा।

पीलीभीत रेंज के अंतर्गत शहर से सटे गांव वख्शपुर में बीते शनिवार रात दो तेंदुओं को चहलकदमी करते देखे गए थे। गांव निवासी महेश मौर्या के घर की बाउंड्रीवाल के नजदीक दो तेंदुए एक साथ देखे जाने से परिजनों में हड़कंप मच गया था। परिजनों के शोर-शराबे पर अन्य ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। जिसके बाद दोनों तेंदुए खेतों की ओर भाग निकले थे।



घर के बाहर चहलकदमी करता तेंदुआ।

तेंदुओं के जाने के बाद कुछ ग्रामीणों की इसकी सूचना वन विभाग समेत पुलिस को दी। कुछ देर बाद ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी।

इस पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। अगले दिन वन एवं वन्यजीव प्रभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से जानकारी लेकर उच्चाधिकारियों को दी थी। उच्चाधिकारियों की ओर से संबंधित क्षेत्र में निगरानी करने के निर्देश दिए गए थे। जिसके बाद से वनकर्मियों की टीम लगातार संबंधित क्षेत्र में निगरानी में जुटी हुई है।

> तेंदुओं की लगातार मॉनिटरिंग को लेकर टीमें संबंधित क्षेत्र में जुटी हुई हैं। तेंदुओं के खकरा नदी के किनारे खड़े नरकुल में होने की संभावना पर वहां टीमें लगाई गई है। तेंदुओं का ठिकाना मिलते ही पिंजड़ा लगाया जाएगा। साथ ही ग्रामीणों को भी जागरूक किया जा रहा है। – **विनीत प्रकाश**, क्षेत्रीय वनाधिकारी, पीलीभीत रेंज

- **चहलकदमी करते सीसीटीवी फुटेज हुआ था वायरल**

### तेंदुओं को ट्रैक करने में जुटी टीम

इधर अब आबादी क्षेत्र में तेंदुओं की बढ़ती सक्रियता के चलते दोनों तेंदुओं को रेस्क्यू करने के लिए पिंजड़ा लगाने का प्लान बनाया गया है। निगरानी में जुटी टीम लगातार तेंदुओं को ट्रैक करने में जुटी हुई हैं, मगर तेंदुओं की चहलकदमी बढ़ती जा रही है। वन अफसरों के मुताबिक बीते दिवस तेंदुओं की चहलकदमी गांव से दो किमी होने की सूचना मिली थी, लेकिन वहां तेंदुओं की कोई लोकेशन नहीं मिल सकी थी। इधर दोनों तेंदुओं के खकरा नदी के किनारे खड़े नरकुल में होने की संभावना जताई जा रही है। टीमें अब इसी क्षेत्र में निगरानी में जुटी हुई है। वन अफसरों का कहना है कि तेंदुआ का एक स्थान पर ठहराव मिलते ही पिंजड़ा लगाने की कार्यवाही की जाएगी।

# होली पर पीलीभीत टाइगर रिजर्व में अलर्ट, शिकारियों पर रहेगी पैनी नजर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी, वन अपराधियों की गतिविधियों पर नजर**
- **डिप्टी डायरेक्टर ने वन क्षेत्राधिकारियों को जारी किए दिशा निर्देश**

**अमृत विचारः** होली पर्व के मद्देनजर पीलीभीत टाइगर रिजर्व में अलर्ट जारी किया गया है। कटान एवं शिकार से संबंधित संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित कर विशेष निगरानी की जा रही है। साथ ही वन अपराध में लिप्त अपराधियों की गतिविधियों पर पैनी निगाह रखी जा रही है। इसको लेकर डिप्टी डायरेक्टर ने पूर्व में ही सभी वन क्षेत्राधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए थे।

जंगलों में होली पर्व के दौरान हिरन, पाढ़ा, चीतल, जंगली सूअर आदि वन्यजीवों समेत पक्षियों के शिकार की घटनाएं अकसर बढ़ जाती हैं। होली की छुट्टियों का फायदा उठाकर शिकारी और अपराधी जंगल में घुसकर शिकार एवं अन्य अवैध गतिविधियों को अंजाम देने की फिराक में लग जाते हैं। इसको लेकर टाइगर रिजर्व प्रशासन द्वारा अलर्ट जारी किया गया है। टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने बीते माह ही सभी रेंजों के वन क्षेत्राधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किए थे। जारी आदेश के बाद सभी रेंजों में वनकर्मियों की टीमों द्वारा सामूहिक गश्त की जा रही है। अवैध कटान एवं शिकार से संबंधित संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित करने के साथ उनकी विशेष निगरानी की जा रही है। इसके साथ ही वन अपराध में लिप्त रहने वाले अपराधियों की गतिविधियों पर भी पैनी नजर रखने का दावा किया जा रहा है। अवैध घुसपैठ रोकने के लिए भारत-नेपाल सीमा से सटे जंगल पर भी विशेष नजर रखी जा रही है। डिप्टी डायरेक्टर की ओर से जारी आदेश में कहा गया कि होली के दौरान कोई वन एवं वन्यजीव घटना होती है और कोई वनकर्मी अनुपस्थित पाया जाता है तो इसके लिए संबंधित वनक्षेत्राधिकारी ही जिम्मेदार होंगे।

### वनकर्मियों की छुट्टियां कैंसिल

शिकारी एवं वन अपराध में लिप्त अपराधी होली की छुट्टियों का फायदा उठाकर ही शिकार आदि की घटनाओं को अंजाम देते हैं। इसको लेकर डिप्टी डायरेक्टर ने सभी वन क्षेत्राधिकारियों को होली के दौरान किसी कर्मचारी का अवकाश स्वीकृत न करने के निर्देश दिए हैं। विशेष परिस्थितियों में केवल डिप्टी डायरेक्टर द्वारा ही अवकाश स्वीकृत किया जाएगा।



पीलीभीत टाइगर रिजर्व में वॉच टावर से जंगल की निगरानी करते वनकर्मी।

> होली पर्व के मद्देनजर वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर सभी वन क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया गया है। संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर निगरानी करने के साथ वन अपराधियों की गतिविधियों पर भी निगाह रखी जा रही है। यदि कहीं कोई लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। – **भरत कुमार डीके**, प्रभारी डीएफओ, पीलीभीत टाइगर रिजर्व



















# फंदे से लटकने से बताई मौत, विसरा सुरक्षित

संवाददाता, बरखेड़ा

- **बरखेड़ा पुलिस ने कॉलेज में सीसीटीवी फुटेज चेक की**

**अमृत विचार :** पोस्टमार्टम रिपोर्ट में होमगार्ड की मौत फंदे से लटकने से होना बताया गया है। साथ ही विसरा भी जांच के लिए सुरक्षित किया गया है।

बता दें कि बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम कोकिली के रहने वाले 55 संत कुमार तिवारी (55) होमगार्ड थे। उनकी ड्यूटी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बरखेड़ा में लगी थी। रविवार शाम को वह कॉलेज परिसर में पड़े मिले थे। सीएचसी ले जाने पर उनको मृत घोषित कर दिया था। बरखेड़ा पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। शव पहुंचने के दौरान पोस्टमार्टम हाउस पर जब देखा गया तो गर्दन पर निशान मिला था, जबकि पुलिस ने पंचनामा में इसका जिक्र नहीं किया था। हालांकि बाद में पंचायतनामा में इस निशान को दर्ज करा दिया गया था। बताते है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में फंदे से लटकने से मौत होने की बात कही गई है। विसरा भी सुरक्षित किया गया है। परिवार वाले भी इसे लेकर कुछ समझ नहीं पा रहे हैं। इधर, बरखेड़ा पुलिस ने कॉलेज जाकर सीसीटीवी की फुटेज भी चेक की है।

# नेपाल में चुनाव को लेकर सील की गईं सीमाएं

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** नेपाल राष्ट्र में प्रस्तावित निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए सख्ती की गई है।

भारत नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर अवैध आवागमन/अवैध गतिविधियों की रोकथाम के लिए जनपद से सटी इंडो नेपाल सीमा को अस्थाई रूप से सील किया गया है। जिला मजिस्ट्रेट ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि नेपाल राष्ट्र में प्रस्तावित निर्वाचन अवधि के दौरान दो मार्च की रात्रि 12 बजे से पांच मार्च की रात 12 बजे तक भारत नेपाल सीमा की स्थित सभी अधिकृत एवं अनाधिकृत मार्गो/ पगडंडियों पर कड़ी निगरानी रखते हुए सीमा सील करते हुए एसपी, एसएसबी कमांडेंट, एसडीएम पूरनपुर, एसडीएम कलीनगर, सीओ पूरनपुर, दोनों तहसीलों के तहसीलदार आदि को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं।

### अमेड़ी नदी किनारे मिला बारहसिंघा का शव

**पीलीभीत, अमृत विचार :** क्षेत्र के हटुआ बिजुलिहाई गांव में अमेड़ी नदी किनारे एक बारहसिंघा (हिरण) का शव मिला। बताते हैं कि शव को कौवे नोंचकर खा रहे थे। कुछ लोगों ने शव को देखा और उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। वन विभाग से मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की। हालांकि काफी देर तक कोई नहीं पहुंचा। मामला चर्चा का विषय बना रहा।

# बहरीन में फंसा युवक वतन वापसी की गुहार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **इजरायल अमेरिका-ईरान के बीच युद्ध होने से फंस गया युवक**
- **किसान नेता के माध्यम से युवक की पत्नी ने केंद्रीय मंत्री को भेजा पत्र**

**अमृत विचार :** बहरीन देश में नौकरी कर रहे बीसलपुर के एक व्यक्ति की वतन वापसी के लिए केंद्रीय राज्यमंत्री एवं पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद से गुहार लगाई गई है। किसान नेता के माध्यम से युवक की पत्नी ने प्रार्थना पत्र केंद्रीय मंत्री को भेजा है।

बताते हैं कि मोहल्ला पटेल नगर के जितेंद्र कुमार गंगवार पुत्र जयपाल गंगवार बहरीन में प्राइवेट नौकरी करने गए थे। वह ईरान इजरायल अमेरिका युद्ध होने से वहां फंस गए हैं। भयभीत जितेंद्र कुमार ने अपने परिजनों को बहरीन के हालात बताए। जितेंद्र कुमार की पत्नी रितु शिवांगी ने अपने पति की बहरीन देश से सकुशल वापसी के लिए केंद्रीय राज्यमंत्री एवं पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद से गुहार लगाई है। उन्होंने किसान नेता देव स्वरूप पटेल के माध्यम से पत्र भेजकर खुद की परेशानी से अवगत कराया है। किसान नेता एवं क्रांतिकारी विचार मंच के प्रांतीय संरक्षक देव स्वरूप पटेल ने बताया कि बहरीन देश में कार्य कर रहे जितेंद्र कुमार गंगवार जो ईरान इजरायल युद्ध के मध्य वह परेशानी महसूस कर रहे हैं। उनके वतन वापसी के लिए उनकी पत्नी ने केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद के नाम संबोधित प्रार्थना पत्र उनके व्हाट्सएप पर भेज कर अवगत कराया है। इसे अविलंब केंद्रीय मंत्री को व्हाट्सएप के माध्यम से भेज कर अवगत करा दिया गया है। जितेन्द्र कुमार गंगवार की घर वापसी के लिए जो भी संभव प्रयास हैं केंद्रीय राज्य मंत्री के स्तर से किए जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### बीच-बचाव कराने गए युवक को पीटा

**पीलीभीत, अमृत विचार** : थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के ईदगाह कांशीराम कॉलोनी निवासी शिवम सक्सेना ने थाना सुनगढ़ी में रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि दो मार्च को रात 10 बजे पड़ोस के तुल्ला की पुत्री मुस्कान और पति भूरा निवासी नौगवां पकड़िया आपस में लड़ाई झगड़ा कर रहे थे। वह इन लोगों को बचाने लगा तो तुल्ला और भूरा ने उसके साथ लाठी डंडों से मारपीट की। जिससे वह घायल हो गया। आरोपियों ने शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### विवाहिता और उसके परिवार को पीटा, रिपोर्ट

**पीलीभीत, अमृत विचार** : थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के ग्राम खांडेपुर निवासी सपना देवी पत्नी सुरेश कुमार ने थाना न्यूरिया में रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उसकी शादी सुशील कुमार पुत्र रामपाल निवासी ग्राम न्यूरिया खुर्द थाना न्यूरिया से हुई थी। आरोप है कि उसका पति शराब पीकर उसके साथ मारपीट करता है। 2 मार्च को शाम सात बजे उसके मायके पक्ष के लोग आए हुए थे। उनके साथ ससुराल पक्ष के लोगों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की। जब उसने विरोध किया तो उसकी भी पिटाई की गई। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# हरिओम हत्याकांड : तीन महिलाओं समेत सात आरोपियों को भेजा जेल

## कोतवाली दियोरियाकलां क्षेत्र के ग्राम किशनपुर में हत्यारोपियों ने की थी वारदात

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार** : किशनपुर गांव में जमीन के विवाद में हुई ग्रामीण की हत्या के मामले में दियोरियाकलां पुलिस ने कार्रवाई की है। एफआईआर दर्ज करने के बाद पुलिस ने तीन महिलाओं समेत सात हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इधर, दोनों पक्षों के एक ही गांव से होने पर सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था के लिहाज से सख्ती की है। गांव में पुलिस बल की तैनाती कर हालात पर निगरानी कराई जा रही है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी को टीम लगी हुई है।

घटना दियोरियाकला कोतवाली क्षेत्र के ग्रास किशनपुर में एक मार्च को हुई थी। जमीन के पुराने विवाद में गांव के ही हरिओम की हत्या कर दी गई थी। घटना में मृतक के परिवार के कई अन्य लोग भी घायल हो गए थे। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया था। होली से चंद दिन पहले हुई हत्या की घटना को लेकर पुलिस ने सतर्कता बढ़ा दी थी। दियोरियाकलां कोतवाली में मृतक के पिता बनवारीलाल पुत्र कल्यानराय ने तहरीर देकर बताया था कि गांव के ही कुछ लोगों से उनकी रंजिश है। एक मार्च को उनका पुत्र हरिओम, दामाद जसवीर, अमन बाजार जा रहे थे। इस दौरान आरोपियों ने लाठी डंडे, कुल्हाड़ी, बांका से हमला कर दिया। चीख पुकार सुनकर हरिओम की पत्नी सोनी देवी समेत अन्य परिवार वाले बचाने पहुंचे तो उन पर भी हमला किया। घायलों को अस्पताल ले गए। वहां हरिओम को मृत घोषित कर दिया गय था। इस मामले में 11 नामजद आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। इसके बाद पुलिस की गठित टीमों ने दबिश देकर सात हत्यारोपियों को धर दबोचा। पकड़े गए हत्यारोपी ग्राम किशनपुर निवासी रवि पुत्र गंगाराम, सुनील पुत्र गंगाराम, बबलू पुत्र जंग बहादुर, ज्वाला प्रसाद पुत्र दोदराम, मधु पत्नी गंगाराम, मुल्लो देवी पत्नी जंग बहादुर और अनारा देवी पत्नी गंगाराम को चालान कर कोर्ट में पेश करके मंगलवार को जेल भेज दिया गया। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें दबिश देती रही।



दियोरियाकलां कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में पकड़े गए आरोपी। ● अमृत विचार

- **चार अन्य नामजद अभियुक्तों की तलाश में जुटी टीम, पुलिस कर रही गांव में निगरानी**

> जमीन के विवाद में किशनपुर गांव के हरिओम की हत्या करने के मामले में 11 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। इसमें तीन महिलाओं समेत सात आरोपियों की गिरफ्तारी कर जेल भेज दिया है। बकाया की जल्द धरपकड़ की जाएगी। विवेचना कराई जा रही है। – **गौतम सिंह**, एसओ दियोरियाकलां

## बच्चे का गला दबाने की कोशिश विरोध पर पीटा

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** चमन चौराहा निवासी ओमकार कश्यप ने बताया कि मंगलवार को उनका भांजा वंश कश्यप घर के पास अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। आरोप है कि मोहल्ले के कोने में रहने वाला छोटू गुप्ता नशे में था, वहां पहुंचा और बच्चे को धक्का देते हुए वहां से हट जाने को कहा। जब बच्चे ने कोई जवाब दिया तो आरोपी ने उसका गला दबाने की कोशिश की।

बच्चे की चीख-पुकार सुनकर उसकी मां दौड़ती हुई मौके पर पहुंचीं और उसे आरोपी के चंगुल से छुड़ाने लगीं। आरोप है कि इस दौरान आरोपी ने उनके साथ भी धक्का-मुक्की और मारपीट की। शोर सुनकर परिवार के अन्य सदस्य भी मौके पर पहुंचे। इस बीच महिला की बहन सीनू कश्यप भी वहां पहुंच गईं। परिवार का आरोप है कि आरोपी ने उसके साथ भी मारपीट की, जिससे सीनू कश्यप के मुंह से खून निकलने लगा और वह लहूलुहान होकर गिर पड़ीं। घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोग इकट्ठा हुए तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। घटना के समय ओमकार कश्यप मंदिर में थे। उन्होंने पुलिस को पूरी घटना की जानकारी देते हुए लिखित तहरीर दी।

# हाईवे पर टकराए चार ट्रक हेल्पर की मौत, दो घायल

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार** : असम हाईवे पर चार ट्रकों की टक्कर हो गई। धर्मकांटे से बैक किए जा रहे ट्रक के दौरान पीछे से आ रहे तीन अन्य ट्रक भी टकरा गए। हादसे में हाईवे पर खड़ा एक ट्रक का हेल्पर चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। सभी ट्रक क्षतिग्रस्त हो गए। शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

हादसा मंगलवार सुबह करीब छह बजे के आसपास हुआ। असम हाईवे पर ग्राम गढ़ा पचपेड़ा के पास एक ट्रक धर्मकांटे से वजन कराकर बैक किया जा रहा था। इस बीच पीछे से आ रहे तीन ट्रक भी आपस में टकरा गए। इस दौरान एक ट्रक को हेल्पर जोकि सड़क पर खड़ा था, गजरौला कलां निवासी 40 वर्षीय सोहनपाल पुत्र तोताराम चपेट में आकर गंभीर रुप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलने पर गजरौला पुलिस मौके पर पहुंची। आनन-फानन में घायल को एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज भिजवाया गया। वहां उसकी मौत हो गई।सूचना मिलने पर परिवार वाले भी पहुंच गए। उनका रोकर बुरा हाल रहा। जबकि हादसे में सोनू और राजेंद्र दो युवक घायल हुए। उनका अस्पताल में भर्ती कर इलाज शुरू कराया गया। बताते हैं कि मृतक भूसे की गाड़ी भरवाने के लिए घर से सुबह करीब चार बजे निकला था। परिवार वालों का रोकर बुरा हाल रहा। एसओ गजरौला ब्रजवीर सिंह ने बताया कि हाईवे पर चार ट्रकों की टककर हो गई थी। इसमें एक युवक की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक किसी एक ट्रक का हेल्पर था और सड़क पर खड़ा था। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।



विलाप करते मृतक के परिजन।



- **थाना गजरौला क्षेत्र का मामला, शव पोस्टमार्टम को भेजा**

# मायका पक्ष के लोगों को बुलाकर पति को पिटवाया

**पीलीभीत, अमृत विचार** : अमरिया थाना क्षेत्र के ग्राम मुडलिया गौसू निवासी साजिद खान पुत्र आशिक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी एक वर्ष पूर्व उधम सिंह नगर के थाना सितारगंज क्षेत्र के ग्राम सितारगंज पंडरी निवासी सायवा पुत्री आसिफ से हुई थी। आरोप है कि दो मार्च को उसकी और उसकी पत्नी के बीच कहासुनी हो गई। जिस पर उसकी पत्नी ने अपने मायके में फोन कर दिया। तभी वहां से उसकी पत्नी के भाई नाजिम, सोहेल, साहिल, आसिफ, दानिश और चार अज्ञात लोग उसके घर पर शाम चार बजे घुस आए। आरोपियों ने उसके और उसके माता-पिता के साथ मारपीट की। जिससे सभी लोग घायल हो गए। किसी तरह पड़ोस के लोगों ने किसी तरह उसके परिवार को बचाया। इसके बाद आरोपी उसकी पत्नी को लेकर चले गए। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी।

## युवक ने आत्महत्या का किया प्रयास

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव गुनारा में एक युवक ने किसी बात से नाराज होकर कमरे में कुंडे से रस्सी का फंदा गले में डालकर आत्महत्या का प्रयास किया। परिवार वालों ने उसे तुरंत उतार लिया और बेहोशी की हालत में जलालाबाद सीएचसी पर ले गए। डॉक्टर ने मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। उसकी हालत ठीक बतायाी जाती है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# खीरी के जंगल में मिला छात्रा का शव, हत्या का संदेह

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** जिले में बढ़ते जघन्य अपराधों ने लोगों को दहला दिया है। सदर कोतवाली क्षेत्र से गायब 16 वर्षीय छात्रा का शव जंगल में सातवें दिन बरामद होने से सनसनी फैल गई। मौके पर मौजूद परिस्थितजन्य साक्ष्य हत्या कर शव जंगल में डाले जाने की ओर इशारा कर रहे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल की घेराबंदी कर वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए। गुमशुदगी दर्ज होने के बाद भी सदर कोतवाली पुलिस लापरवाह रही। उसकी तलाश में कोई रुचि नहीं ली। दुष्कर्म की भी आशंका जताई जा रही है।

मृतका छात्रा मूल रूप से लहरपुर की रहने वाली थी और कक्षा 11 की छात्रा थी। वह शहर की कनौजिया कॉलोनी में रहकर पढ़ाई कर रही थी। परिजनों के अनुसार वह पढ़ाई में अच्छी थी और किसी प्रकार की परेशानी की जानकारी उन्हें नहीं थी। 24 फरवरी की शाम से वह रहस्यमय ढंग से लापता हो गई थी। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग न मिलने पर पुलिस को सूचना दी थी। गुमशुदगी दर्ज होने के बाद पुलिस ने खोजबीन में कोई रुचि नहीं ली। मंगलवार को गांव के बाहर जंगल में उसका शव मिलने की सूचना पर हड़कंप मच गया। सूचना पाकर पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। टीम ने घटनास्थल से जरूरी साक्ष्य एकत्र किए हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है मामला प्रथम दृष्टया आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन हत्या से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। पुलिस दोनों पहलुओं पर जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट होने की बात पुलिस कह रही है। अपराध निरीक्षक दिनेश शर्मा ने बताया कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है और परिजनों से भी जानकारी ली जा रही है।

### परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का लगाया आरोप

छात्रा के परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि 25 फरवरी को गुमशुदगी की सूचना देने के बावजूद शुरुआत में गंभीरता से तलाश नहीं की गई। यदि समय रहते प्रभावी ढंग से खोजबीन की जाती तो शायद किशोरी को सुरक्षित बरामद किया जा सकता था। परिवार के लोगों ने मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।










































**इफ्तार** बुधवार
सुन्नी : 6:11
शिया : 6:13

**सहरी** गुरुवार
सुन्नी : 5:02
शिया : 5:04

## न्यूज ब्रीफ

### गर्भवती महिला के साथ की गई मारपीट

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : थाना खीरी क्षेत्र के गांव गोपालापुर निवासी ज्ञान देवी ने बताया कि वह वर्तमान में गर्भवती हैं। आरोप है कि सोमवार दोपहर करीब 3 बजे मातादीन का पुत्र धर्मेन्द्र सार्वजनिक नल पर जानवर बांधकर नहला रहा था। इसी दौरान उनकी पुत्री रुची देवी पानी भरने पहुंची तो धर्मेन्द्र ने गाली-गलौज शुरू कर दी। जब उन्होंने इस पर आपत्ति जताई तो धर्मेन्द्र और उग्र हो गया। आरोप है कि इसके बाद धर्मेन्द्र, उसके पिता मातादीन, मातादीन की पत्नी, पुत्री रेशमा तथा परिवार के अन्य सदस्य एक साथ उनके घर व दुकान पर पहुंचे और मारपीट करने लगे। शिकायत के अनुसार धर्मेन्द्र ने ज्ञान देवी के पेट पर लात मार दी। पीड़ित ने बताया कि पूर्व में भी उक्त परिवार ने उन पर धारदार हथियार से हमला किया था, जिसका मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है। एसओ निराला तिवारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### महिला पर चाकू से हमला, तीन नामजद

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : थाना फूलबेहड़ क्षेत्र के गांव सुथरी मजरा सरवा में गांव सुथरी मजरा सरवा निवासी गायत्री ने बताया कि सोमवार को गांव के अवधेश आदि से कहासुनी हो गई थी। इससे नाराज अवधेश अपने परिवार के अजय व सचिन उनके घर आए और बिना किसी कारण गाली-गलौज करने लगे। शिकायत के अनुसार जब उन्होंने गाली देने से मना किया तो आरोपियों ने लाठी-डंडों और चाकू से हमला कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर उन्हें बचाया। जाते समय आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच एसआई सोबरन सिंह को सौंपी है। पुलिस ने महिला को अस्पताल भेजा है।

### पशु बांधने के विवाद में मां-बेटी को पीटा

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : थाना भीरा क्षेत्र के ग्राम जंगल नंबर-7 इमलिया फार्म निवासी कन्यावती ने बताया कि उनके पशु घर के पास बंधे थे। आरोप है कि गांव के रामविलास, विकास व दीपांशु वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध पर लाठी-डंडों से मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंची उसकी मां कमला देवी को भी पीटा। दोनों घायल हो गईं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायलों को परीक्षण के लिए भेजा है।

### दहेज हत्या में दंपती समेत तीन गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : थाना नीमगांव पुलिस ने दहेज हत्या में गांव पकरिया निवासी दीपक कुमार, उसके पिता ज्ञान प्रकाश और मां ज्ञान देवी को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को पुलिस ने तीनों आरोपियों का चालान भेजा है।

# चंद्रग्रहण के चलते टला रंगोत्सव, आज उढ़ेगा रंग और गुलाल

## अग्नि प्रज्ज्वलित होते ही लोगों ने होली की परिक्रमा करते हुए आखत डाले, अबीर-गुलाल उड़ाकर एक-दूसरे को दीं शुभकामनाएं

- बाजारों में रौनक, पिचकारियों की दुकानों पर रही भीड़
- चंद्रग्रहण के कारण लगे सूतक के चलते रंगोत्सव नहीं मनाया गया

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** जिले में इस बार होली का उत्साह दो दिनों तक देखने को मिला। सोमवार की आधी रात के बाद विधि-विधान से होलिका दहन किया गया। जगह-जगह होली में अग्नि प्रज्ज्वलित होते ही लोगों ने परंपरागत रूप से परिक्रमा की और आखत डाले। अबीर-गुलाल उड़ाकर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह दिखाई दे रहा था।

हालांकि, इस बार पूर्णिमा तिथि और चंद्रग्रहण के कारण लगे सूतक की वजह से मंगलवार को रंगोत्सव नहीं मनाया गया। आमतौर पर होलिका दहन के अगले दिन रंगों की होली खेली जाती है, लेकिन शुभ मुहूर्त दोपहर बाद तक न होने के कारण लोगों ने रंग खेलने से परहेज किया।

ज्योतिषाचार्य पंडित रामदेव मिश्र शास्त्री के अनुसार, सूतक काल में शुभ कार्य वर्जित माने जाते हैं, इसलिए लोगों ने परंपरा का पालन करते हुए रंग खेलने का कार्यक्रम बुधवार के लिए टाल दिया। रंगोत्सव टलने का असर बाजारों में साफ दिखाई दिया। मंगलवार को शहर के मुख्य बाजार, मॉल और गली-मोहल्लों की दुकानें रोज की तरह खुलीं रहीं और दिनभर खरीदारी का दौर चलता रहा।

पिचकारियों, रंगों और गुलाल की दुकानों पर बच्चों और अभिभावकों की भीड़ उमड़ी रही। तरह-तरह की आकर्षक पिचकारियां, हर्बल रंग और डिजाइनर गुलाल लोगों को खूब लुभाते रहे। इसके साथ ही गुझिया, नमकीन, मिठाई और अन्य पारंपरिक पकवानों की दुकानों पर भी ग्राहकों की अच्छी-खासी भीड़ रही। कई लोगों ने घर पर मेहमानों के स्वागत की तैयारी के लिए सजावटी सामान, मिठाइयां और खान-पान की सामग्री खरीदी।



श्रीराम चौराहे पर नमकीन की दुकान पर खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार



शहर में पिचकारी की दुकान पर हो रही खरीदारी। ● अमृत विचार

### होली मिलन की तैयारी, नए कपड़ों की खरीद

होली मिलन कार्यक्रमों को लेकर भी लोगों में खास उत्साह दिखा। नए कपड़े पहनने की परंपरा को ध्यान में रखते हुए मॉल और कपड़ों की दुकानों पर देर रात तक चहल-पहल रही। युवाओं और महिलाओं ने नए परिधानों की खरीदारी की, जबकि बच्चों ने रंग-बिरंगी टोपी और होली स्पेशल एक्सेसरीज़ खरीदीं।

| सामग्री- | करोबार |
|---|---|
| गुझिया- | पांच करोड़ |
| ड्राई फ्रूट- | तीन करोड़ |
| कपड़ा- | 25 करोड़ |
| मावा- | 10 करोड़ |
| दूध- | पांच करोड़ |
| नमकीन- | दो करोड़ |
| रंग गुलाल- | तीन करोड़ |
| पिचकारी- | दो करोड़ |
| गिफ्ट पैक व मिठाई- | तीन करोड़ |
| कचरी, पापड़ व अन्य- | सात करोड़ |



शहर में एक दुकान पर अबीर-गुलाल खरीदते लोग। ● अमृत विचार



शहर में होलिका दहन के बाद आखत डालते लोग। ● अमृत विचार



होलिका दहन के समय रात्रि में ही अबीर-गुलाल से सराबोर लोग। ● अमृत विचार



होलिका दहन के समय रात्रि में ही अबीर-गुलाल से सराबोर लोग। ● अमृत विचार

### 65 करोड़ का हुआ कारोबार, गुझिया, रंग की रही बंपर मांग

लखीमपुर खीरी। होली पर रविवार, सोमवार और मंगलवार को जिले भर में 65 करोड़ से ज्यादा का कारोबार होने का अनुमान है। गुझिया, रंग-गुलाल, पिचकारी, नमकीन के अलावा होली के रंग में रंगी टी-शर्ट, विग, मुखौटा आदि की बंपर मांग रही। रविवार और सोमवार के अलावा इस बार होलिका दहन के बाद भी मंगलवार को बाजार खुले, जिससे रंगोत्सव से एक दिन पहले सुबह से देर रात तक बाजार गुलजार रहा। खपरैला बाजार से लेकर मॉल आदि में दिन भर खरीदार पहुंचते रहे। गुझिया, मिठाई, नमकीन, ड्राई फ्रूट, कपड़े आदि की बंपर बिक्री हुई। जबकि गुलाल से लेकर सिलिंडर, प्रेशरगन, पिट्ठू, पाइप पिचकारी की सबसे ज्यादा मांग रही। दुकानदार राकेश कश्यप ने बताया कि इस बार हर ग्राहक गुलाल की मांग कर रहा है। जिले 100 टन से ज्यादा का गुलाल और रंग के बिक्री होने का अनुमान है। इसके अलावा होली पर नए कपड़े पहने की परंपरा है। इसके लिए देर रात तक खपरैला बाजार की रेडीमेड दुकानों से लेकर शोरूम और मॉल में लोगों की आवाजाही होती रही।

### खूब बिकी गुझिया

होली का त्योहार गुझियों का है, इसलिए बाजार में गुझियों की मांग सबसे ज्यादा रहा। सादी गुझिया जहां 350 से लेकर 450 रुपये तक बिकीं तो वहीं देशी घी की सूखी एवं चाशनी वाली 650 से 680 रुपये किलों में बिकी। आलम यह रहा है कि खरीदारी की भीड़ उमड़ने से गुझिया कम पड़ गई। ऐसे में दुकानदार दो से तीन बार तक गुझिया बनवाकर बेंचते रहे।

### बुधवार को शुभ मुहूर्त में रंगों की बौछार

अब बुधवार को शुभ मुहूर्त में जिले भर में रंगोत्सव की धूम रहेगी। प्रशासन की ओर से शांति और सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। लोगों ने भी आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ होली मनाने का संकल्प लिया है।

# होली पर वृद्धाश्रम में डीएम ने भेजी मिठाई



मिष्ठान आदि वितरित करते तहसीलदार मुकेश कुमार। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** होली के अवसर पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने प्रशासनिक टीम के माध्यम से वृद्धाश्रम में गुजिया, मिष्ठान और फल भिजवाकर बुजुर्गों के साथ त्योहार की खुशियां साझा कीं। इससे वृद्धजनों के चेहरों पर मुस्कान दिखी।

तहसीलदार मुकेश कुमार के नेतृत्व में पहुंची टीम ने डीएम की ओर से भेजा गया शुभकामना संदेश भी बुजुर्गों को पढ़कर सुनाया। संदेश में कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि स्नेह, सम्मान और अपनत्व का प्रतीक है। प्रशासन सदैव बुजुर्गों के साथ है और उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा व सुख-समृद्धि को प्राथमिकता देता है। डीएम की ओर से भेजी गई मिठाइयों, गुजिया और फलों का वितरण करते समय टीम ने बुजुर्गों का हालचाल भी जाना। बुजुर्गों ने इस आत्मीय पहल के लिए डीएम को आशीर्वाद दिया और कहा कि त्योहार पर मिला यह स्नेह उनके लिए सबसे बड़ा उपहार है। इस दौरान नायब तहसीलदार सुनील कुमार, प्रचार सहायक लोकेश कुमार गुप्ता, राजस्व निरीक्षक और संबंधित लेखपाल भी मौजूद रहे।

# शिक्षामित्र ने खुद को लगाई आग

- महिला की हालत गंभीर, जिला अस्पताल में भर्ती, चार साल से मायके में रह रही शिक्षामित्र

संवाददाता, बेहजम

**अमृत विचारः** नीमगांव थाना क्षेत्र के अतरौली गांव में मंगलवार को एक महिला शिक्षामित्र पुआल के ढेर में घुस गई और आग लगाकर आत्मदाह करने की कोशिश की। ग्रामीणों ने किसी तरह से आग बुझाकर महिला को बाहर निकाला। गंभीर रूप से झुलसी महिला को सीएचसी लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

अतरौली गांव निवासी सविता देवी मूल रूप से लखीमपुर शहर के मोहल्ला हाथीपुर कोठार की रहने वाली हैं, लगभग चार वर्षों से मायके में रह रही हैं। उनके पिता सदन लाल गांव में ही रहते हैं। सविता देवी स्थानीय प्राथमिक विद्यालय में शिक्षामित्र हैं। उनका एक छह वर्षीय पुत्र भी है, जो इस समय परिजनों के पास है। मंगलवार सुबह करीब आठ बजे के आसपास वह घर के बाहर रखे पुआल के ढेर के पास गईं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कुछ ही देर में पुआल से धुआं उठने लगा और देखते ही देखते आग फैल गई। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग दौड़ पड़े। ग्रामीणों ने बाल्टियों से पानी डालकर और पुआल हटाकर आग बुझाने की कोशिश की। काफी मशक्कत के बाद महिला को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक वह गंभीर रूप से झुलस चुकी थी। परिजन तत्काल उन्हें बेहजम सीएचसी लेकर पहुंचे। वहां मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। डॉक्टरों के मुताबिक शरीर का बड़ा हिस्सा झुलसने के कारण स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

परिजनों का कहना है कि महिला और उसके पति शशि भूषण वाजपेयी के बीच लंबे समय से वैवाहिक विवाद चल रहा है। बताया जा रहा है कि पति द्वारा दूसरी शादी किए जाने को लेकर मामला न्यायालय में विचाराधीन है। करीब एक सप्ताह पूर्व वह पति के पास गई थीं, जहां किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद से वह तनाव में थीं। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आलोक अवस्थी ने बताया कि पति-पत्नी के बीच मतभेद लंबे समय से चले आ रहे थे। घटना के बाद गांव में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। सूचना पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



अस्पताल में भर्ती झुलसी महिला शिक्षामित्र। ● अमृत विचार

# दुबई के मरीना में फंसा रसूलपुर का इंजीनियर

- फ्लाइट रद होने से स्वदेश वापसी टली, माता-पिता की आंखें बेटे की राह देख रहीं

संवाददाता, पसगवां

**अमृत विचारः** अंतर्राष्ट्रीय तनाव की आंच अब गांवों तक महसूस की जा रही है। पसगवां थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर तफज्जलु हुसैन निवासी युवा इंजीनियर पुनीत त्रिपाठी इन दिनों दुबई के चर्चित इलाके दुबई मरीना में फंसे हुए हैं। ईरान और इजरायल के बीच जारी युद्ध के कारण हवाई सेवाएं प्रभावित होने से उनकी फ्लाइट रद्द हो गई है, जिससे परिवार की चिंता बढ़ गई है।

पुनीत के पिता कमलेश त्रिपाठी ने बताया कि पश्चिम एशिया में ईरान और इजरायल के बीच चल रहे भीषण संघर्ष का असर अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों पर पड़ा है। उनका बेटा दुबई में एक कंपनी में इंजीनियर के पद पर कार्यरत है, लेकिन मौजूदा हालात के चलते वह वहीं रुकने को मजबूर है। उन्होंने भावुक स्वर में कहा कि बेटे की सुरक्षा ही उनके लिए सबसे बड़ी चिंता है। बस वह सकुशल अपने वतन लौट आए, यही हमारी प्रार्थना है। उन्होंने बताया कि परिवार की पुनीत से लगातार बातचीत हो रही है। पुनीत ने बताया कि वह सुरक्षित है और भारत सरकार विदेशों में फंसे नागरिकों की सुरक्षित वापसी के लिए प्रयास कर रही है। जैसे ही हालात सामान्य होंगे और उड़ानें शुरू होंगी, वह वापस लौटने की कोशिश करेगा।

गांव में भी इस खबर के बाद चर्चा का माहौल है। ग्रामीण परिवार को सांत्वना दे रहे हैं और पुनीत की सुरक्षित वापसी की दुआ कर रहे हैं।



पुनीत त्रिपाठी।

# पेट्रोल पंप कर्मी की ट्रक से कुचलकर मौत

- ट्रक को साइड में खड़ा करवा रहा था कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** कोतवाली मोहम्मदी के शंकरपुर निवासी एक पेट्रोल कर्मी की मंगलवार को ट्रक से कुचलकर मौत हो गई। वह ट्रक को एक साइड में खड़ा करवा रहा था। हादसे से उसके परिवार में कोहराम मच गया। होली की खुशियां पल भर में मातम में बदल गईं। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

शंकरपुर निवासी प्रेमकांत राठौर (30) बागबाही स्थित एक पेट्रोल पंप पर कार्यरत थे। बताते हैं कि मंगलवार की दोपहर वह एक ट्रक को साइड में खड़ा करवा रहे थे। इस बीच ट्रक का संतुलन बिगड़ गया। इससे वह ट्रक के पिछले हिस्से में दब गए। हादसे के बाद मौके पर तमाम लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों ने किसी तरह से उन्हें बाहर निकाला। इसी बीच सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। घायल प्रेमकांत को आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिवार के लोग अस्पताल पहुंच गए।

पति की मौत से पत्नी कांती देवी का रो-रोकर हाल बेहाल है। मृतक अपने पीछे पत्नी के अलावा चीन छोटे बच्चे देव कुमार (8), अभय (6) और काव्या (4) को छोड़ गया। सूचना पाकर विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे और बिलख रही पत्नी और बच्चों को ढांढस बंधाया। उन्हें हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया। पेट्रोलकर्मी की मौत से मोहल्ले में सन्नाटा पसरा है।



रोते-बिलखते मृतक प्रेमकांतराठौर के परिजन। ● अमृत विचार

### कार की टक्कर लगने से युवक घायल

भानपुर, अमृत विचार : थाना भीरा क्षेत्र के बोझवा गांव निवासी शंकर मंगलवार सुबह खेत देखने के लिए गए थे। इस दौरान बोझवा हाईवे पर भीरा की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। इससे शंकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें पास के एक निजी अस्पताल पहुंचाया गया। वहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस जांच कर रही है।

# पत्नी को लेने पहुंचे दामाद पक्ष के लोगों ने की मारपीट

- दोनों पक्षों की तहरीर पर एक-दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** खीरी के मोहल्ला सैयदबाड़ा में दामाद पक्ष पर घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। मारपीट में महिला पक्ष के दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मोहल्ला सैय्यदबाड़ा निवासी मोहम्मद आलम ने बताया कि उनकी बहन किस्तिया का निकाह शाहिबे आलम निवासी बरौरा थाना ठाकुरगंज जिला लखनऊ के साथ हुआ था। किस्तिया करीब दो माह की गर्भवती है और बीमार होने के कारण एक माह पूर्व इलाज के लिए मायके लाई गई थी।

आरोप है कि सोमवार शाम शाहिबे आलम अपने भाई फैज, शहनबाज आलम व मोहम्मद कलाम निवासी मोहल्ला डीहपुर थाना खीरी के साथ किस्तिया को ले जाने पहुंचे। बीमार होने के कारण परिजनों के मना करने पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि आरोपियों ने मिलकर उनके भाई मंसूर आलम और मोहम्मद अफताब के साथ मारपीट की। शोर सुनकर आसपास के लोग एकत्र होने लगे तो आरोपी कार मौके पर छोड़कर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। उधर, महिला के पति साहिबे आलम का कहना है कि वह पत्नी किस्तिया को लेने आया था। उनके साथ भाई शाहनबाज, फैज और नियाज भी थे।

आरोप है कि ससुराल पक्ष के मकसूद आलम, मक्सूर आलम, मोहम्मद आलम और इरशाद आलम ने पत्नी के इलाज के मुद्दे को लेकर विवाद शुरू कर दिया। कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। इसमें उनके भाई फैज और शाहनबाज को गंभीर चोटें आईं। एसओ निराला तिवारी ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर कुल आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है।

# दुर्घटना में एक की मौत, नौ घायल

- टायर फटने से अनियंत्रित कार सड़क किनारे खड़े ई-रिक्शा और टेंपो से टकराई

संवाददाता, उचौलिया

**अमृत विचारः** लखनऊ-दिल्ली नेशनल हाईवे पर उचौलिया और जंगबहादुरगंज के बीच मोहद्दियापुर गांव के पास मंगलवार सुबह करीब आठ बजे गाजियाबाद से सीतापुर जा रही ईको कार का टायर अचानक फट गया, जिससे वह अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ई-रिक्शा और टेंपो से टकरा गई। हादसे में सीतापुर जिले के एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि नौ लोग घायल हो गए।

बताया जा रहा है कि ईको कार सीतापुर जिले के तंबौर थाना क्षेत्र के गांव खेरी पट्टी जा रही थी। कार में गांव खेरी पट्टी निवासी पंकज मिश्रा पुत्र बालकराम मिश्रा, प्रभात मिश्रा पुत्र माया प्रकाश, चालक सुभाष शुक्ला पुत्र शत्रुघ्न शुक्ला, रामनरेश शुक्ला पुत्र शत्रुघ्न शुक्ला, चंद्रशेखर शुक्ला पुत्र शत्रुघ्न शुक्ला और मनीष शुक्ला पुत्र उमेश शुक्ला सवार थे। मोहद्दियापुर गांव के पास टायर फटने से कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ई-रिक्शा और टेंपो से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंच गए। हादसे में 55 वर्षीय चंद्रशेखर शुक्ला की मौके पर ही मौत हो गई। कार चालक सहित अन्य पांच सवार घायल हो गए।

इसके अलावा ई-रिक्शा चालक मनोज पुत्र शिवकुमार निवासी मोहनपुर बंगाली कॉलोनी थाना उचौलिया, मोहद्दियापुर निवासी 45 वर्षीय विक्रम पुत्र उजागर, 25 वर्षीय धर्मवीर पुत्र उमाशंकर तथा 15 वर्षीय अभिषेक पुत्र अनिल वर्मा भी घायल हो गए। सूचना पर एनएचएआई की टीम, सेवा का जुनून टीम और उचौलिया पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। आठ घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी पसगवां भेजा गया, जबकि गंभीर रूप से घायल पंकज मिश्रा को जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर किया गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवाकर हाईवे पर यातायात सुचारू कराया।



मौके पर लगी लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर



डा. मोहित गुप्ता
M.Ch., Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क, रीढ़ एवं नस रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389
समय - प्रातः 10 से 12:30 बजे तक एवं सायं 6 से 8:30 बजे तक
अब डॉ. मोहित गुप्ता रविवार को भी मिलेंगे प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक
सुविधायें
ब्रेन हैमरेज | स्लिप डिस्क
ब्रेन ट्यूमर | मिर्गी का दौरा
गर्दन दर्द (सर्वाइकल)
रीढ़ की चोट, टी.बी
सिर दर्द, माइग्रेन
कमर दर्द, कंधों में दर्द
पीठ दर्द, रीढ़ की गांठ
सिर की चोट (हेड इंजरी)
हाथ पैरों में झनझनाहट
फालिज (लकवा)
नसों का दर्द
सियाटिका (कमर में पैरों का दर्द)
दिमागी में पानी व खून जमना
दिमाग, रीढ़ एवं नस सम्बन्धित सभी बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन
Bareilly Neuro and Spine Super Speciality Centre
Google Maps Location
सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
7417389433, 7017678157
9897287601, 8191879754


# तेंदुए के हमले में किशोर की मौत, खेत में मिला शव

## किशोर की गर्दन और चेहरे पर गहरे जख्म और नाखूनों के निशान, सोमवार को घर से निकला था राज कमल

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** सोमवार को घर से निकले कोतवाली तिकुनिया क्षेत्र के गांव जसनगर निवासी 14 वर्षीय किशोर पर तेंदुए ने हमला कर दिया। उसका शव मंगलवार को गांव से करीब दो किलोमीटर दूर एक खेत में बरामद हुआ है। शव की गर्दन और चेहरे पर गहरे जख्म और नाखूनों के निशान हैं। घटना की सूचना पर वन टीम और पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



आक्रोशित ग्रामीणों को समझाते पुलिस व वन विभाग के अधिकारी।

गांव जसनगर निवासी गुरचरन सिंह का पुत्र राज कमल सोमवार को घर से बाहर घूमने के लिए निकला था, लेकिन वह देर शाम तक वापस नहीं लौटा। इस पर परिवार वालों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन राजकमल का कोई पता नहीं चल सका। मंगलवार को पड़ोसी गांव खैरटिया के पास घर से करीब 2 किमी दूर खेत में उसका शव बरामद हुआ। शव पड़े होने की सूचना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों के मुताबिक राजकल की गर्दन को तेंदुए ने नोचा। उसकी गर्दन और शरीर पर कई जगहों पर नाखूनों के निशान मिले हैं।

शव मिलते ही परिवार में चीख पुकार मच गई। सूचना पर एसडीएम राजीव निगम, सीओ शिवम कुमार, उत्तर निघासन रेंज बेलरायां के वन क्षेत्राधिकारी भूपेंद्र सिंह और प्रभारी निरीक्षक पुष्पराज कुशवाहा फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। वन क्षेत्राधिकारी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। उधर घटना से गुस्साए ग्रामीणों और परिजन मुआवजा और वन विभाग के उच्चाधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़ गए। उनका कहना था कि जब तक मुआवजा नहीं मिल जाता तब तक वह शव पुलिस को नहीं सौंपेंगे।

ग्रामीणों ने फ्रीजर मंगवाकर शव को रख दिया। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में आए दिन बाघ और तेंदुए के हमलों में लोगों की जान जा रही है, लेकिन वन विभाग कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा है। एसडीएम राजीव निगम और वन क्षेत्राधिकारी ने ग्रामीणों को मुआवजा दिलाने का आश्वासन देते हुए समझा बुझाकर किसी तरह शांत कराया। तब जाकर लोग शांत हुए और शव पुलिस को सौंपा। प्रभारी निरीक्षक पुष्पराज कुशवाहा ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### कई दिनों से देखा जा रहा था तेंदुआ

ग्रामीणों ने बताया कि तेंदुआ क्षेत्र में कई दिनों से देखा जा रहा था, जिसकी सूचना भी वन विभाग को दी गई थी। इसके बावजूद वन विभाग ने कोई ध्यान नहीं दिया। यदि समय रहते वन विभाग की टीम कार्रवाई करती और तेंदुए को पकड़ने के प्रयास करती तो शायद राजकमल की जान न जाती। घटना के बाद पूरे इलाके में तेंदुए की दहशत व्याप्त हो गई थी। बताते हैं कि तेंदुए के हमले में मारा गया राजकमल अपने पिता का इकलौता सहारा था। पिता गुरचरन सिंह भी बीमार रहते हैं।

तेंदुए के हमले में बच्चे की मौत हुई है। तेंदुए की निगरानी के लिए टीम लगाई गई है। जल्द ही पिंजरा लगाकर उसे पकड़ने का प्रयास किया जाएगा। पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद पहुंचाने की कार्रवाई की जा रही है।

–**भूपेंद्र सिंह**, वन क्षेत्राधिकारी उत्तर निघासन रेंज बेलरायां।

# होला महल्ला समागम में भक्ति रस में डूबी संगत

संवाददाता, महंगापुर

**अमृत विचारः** गुरुद्वारा नानक पियाऊ महंगापुर में सचखंडवासी संत बाबा तारा सिंह कार सेवा सरहाली साहिब वालों के चरण सेवक संत बाबा घोला सिंह की सरपरस्ती तथा जत्थेदार संत बाबा गुरनाम सिंह की अगुवाई में देश-विदेश और क्षेत्र की संगत के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय होला महल्ला का विशाल गुरमत समागम श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत अरदास के साथ हुई। फूलों की वर्षा करते हुए गुरु ग्रंथ साहिब को पंडाल में सुशोभित किया गया। दरबार साहिब में अखंड पाठ साहिब के भोग के उपरांत अरदास कर दीवान सजाए गए।

तीन दिवसीय समागम में ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, अमेरिका सहित विभिन्न देशों तथा दिल्ली, चंडीगढ़, पंजाब, उत्तराखंड आदि स्थानों से धर्मगुरु और जत्थे पहुंचे। इसके अलावा शाहजहांपुर, बरेली, रामपुर, पीलीभीत, बहराइच, सीतापुर, लखीमपुर, गोला, मोहम्मदी, उच्चौलिया आदि क्षेत्रों से सैकड़ों छोटे-बड़े वाहनों से भारी संख्या में महिला-पुरुष संगत ने पहुंचकर गुरु घर में मत्था टेका, सेवा की और गुरु के अटूट लंगर का प्रसाद ग्रहण किया।



होला महल्ला में समागम में गुरुवाणी का पाठ करते रागी जत्थे के सदस्य।



गुरु ग्रंथ साहब के साथ मौजूद संत बाबा गुरनाम सिंह। ● अमृत विचार

● **संगत ने गुरु ग्रंथ साहिब के सामने मत्था टेका, सेवा की और गुरु के लंगर में प्रसाद ग्रहण किया**

संत तारा गुरनाम सिंह ने संगत से अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर सेवा में भाग लेने की अपील की। समागम में रागी जत्था भाई हीरा सिंह महंगापुर, अमनदीप सिंह हरमिंदर साहिब (पंजाब), रागी महताब सिंह जालंधर (पंजाब), ढाढी जत्था लखविंदर सिंह सोहल (पंजाब), कविशरी जत्था सुलख्खन सिंह रियाड़ (पंजाब), कथावाचक साहब सिंह (कनाडा) तथा सर्वजीत सिंह (लुधियाना, पंजाब) ने गुरुवाणी कीर्तन, कथा और गुरु इतिहास का रसपान कराकर संगत को निहाल किया। कार्यक्रम का संचालन स्टेज सेक्रेटरी भाई महताब सिंह भिंडर ने किया।

इस अवसर पर मुख्य सेवादार भाई गुरप्रीत सिंह भिंडर, गुरुद्वारा मैनेजर गुरविंदर सिंह, प्रधान तीर्थ सिंह, प्रधान गुरमीत सिंह, प्रधान जितेंद्र सिंह लाडा, प्रधान गुरदीप सिंह, पूर्व प्रधान मंजीत सिंह, जसवंत सिंह संधू, सुखविंदर सिंह, मंदीप सिंह, बंटी, वनबीट ग्रुप के चेयरमैन सरदार बहादुर सिंह, गोल्डन फ्लॉवर स्कूल के चेयरमैन जसमेल सिंह मांगट, हरप्रीत सिंह हैप्पी, श्रवण सिंह बाठ, सुरेंद्र सिंह गिल, मैनेजर सर्वजीत सिंह, सतवीर सिंह, दलवीर सिंह सहोता सहित अनेक कारसेवकों ने बढ़-चढ़कर सेवा निभाई।



महंगापुर होला महल्ला समागम में मौजूद संगत। ● अमृत विचार

होला महल्ला गुरमत समागम में संपूर्णानगर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार स्थानीय व जिला पुलिस बल के साथ लगातार गश्त कर रहे हैं।

# मालगाड़ी के सामने कूदा युवक, हाथ कटा

**केशवापुर, अमृत विचारः** पूर्वोत्तर रेलवे के गोला-राजगंज रेलखंड पर गेट संख्या 148सी के निकट सोमवार शाम एक युवक ने गोला से लखीमपुर की ओर जा रही मालगाड़ी के सामने अचानक छलांग लगा दी। ट्रेन की चपेट में आने से उसका दाहिना हाथ कटकर अलग हो गया और वह करीब 20 मीटर दूर जा गिरा।

घटना केशवापुर-सिसंवा कला मार्ग के पश्चिम स्थित रेलवे ट्रैक पर शाम 4:33 बजे हुई। घायल युवक ने अपना नाम मुकेश कुमार पुत्र बालकराम निवासी बसही थाना फरधान बताया है। हालांकि उसने ट्रेन के सामने कूदने का कारण स्पष्ट नहीं किया। गेटमैन दिलीप यादव के अनुसार युवक पहले सड़क से लगभग 100 मीटर अंदर रेलवे ट्रैक की ओर गया और कुछ देर तक वहीं खड़ा रहा। जैसे ही गोला की ओर से मालगाड़ी आई, वह अचानक ट्रैक पर कूद पड़ा।

चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोकने का प्रयास किया, लेकिन तब तक युवक गंभीर रूप से घायल हो चुका था। घटना के बाद मालगाड़ी करीब 15 मिनट तक मौके पर खड़ी रही। सूचना मिलते ही रेलवे अधिकारियों को अवगत कराया गया। हैदराबाद पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को रेलवे ट्रैक से स्ट्रेचर पर लादकर एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया। युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। मामले की जांच की जा रही है।

# होला महल्ला पर निकला नगर कीर्तन

संवाददाता, संपूर्णानगर

**अमृत विचारः** गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब से होला मोहल्ला के उपलक्ष्य में निकली नगर कीर्तन यात्रा मंगलवार देर शाम सम्पूर्णानगर पहुंची। यहां गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा की नवनिर्वाचित प्रबंध कमेटी और साध संगत ने यात्रा का भव्य स्वागत किया।



नानकमत्ता से आई नगर कीर्तन यात्रा का सम्पूर्णानगर गुरुद्वारा समिति ने किया स्वागत।

नगर कीर्तन के स्वागत में गुरुद्वारा परिसर के बाहर विशेष स्टॉल लगाए गए, जहां संगत के लिए पानी, चाय और सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था की गई। यात्रा में शामिल पंच प्यारों को सरोपा भेंट कर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। स्वागत सत्कार से नानकमत्ता से आई साध संगत अभिभूत नजर आई। यह नगर कीर्तन यात्रा महंगापुर गुरुद्वारा में आयोजित हो रहे होला मोहल्ला कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अग्रसर है। धार्मिक उल्लास और श्रद्धा के माहौल में संगत ने कीर्तन का आनंद लिया।

इस अवसर पर मुख्य ग्रंथी बाबा हरजीत सिंह जी, परविंदर सिंह, हरजीत सिंह जुनेजा, सतविंदर सिंह, सिमरप्रीत सिंह, सुरेंद्र सिंह बग्गा, दर्शन सिंह बग्गा, दर्शन सिंह गिल, गगनपाल, संतोष सिंह, निशान सिंह, सुखवीर सिंह सहित क्षेत्र की समूह संगत मौजूद रही। सभी ने मिलकर नगर कीर्तन का गर्मजोशी से स्वागत किया।

**दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार : संसारपुर।** चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह यादव ने बताया कि पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे गांव किशुनपुर निवासी बृजेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मंगलवार को आरोपी का चालान भेजा है।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005



बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा,
शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग
श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777



